# यांत्रिक (पावर) विभाग – अजमेर मण्डल

## विद्युत लोको ट्रिप शैड – अजमेर

उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मण्डल में प्रथम विद्युत लोको ट्रिप शैड की स्थापना की गई है। इसकी स्थापना यात्री एंव मालगाड़ियों के विद्युत लोको के रखरखाव एंव आवश्यक मरम्मत कार्य के लिये की गई है। इस विद्युत लोको ट्रिप शैड में 04 विद्युत लोको को एक साथ खड़ा करने की क्षमता है। विद्युत लोको के अन्डर गियर सुरक्षा जांच के लिये ट्रिप शैड में दोनो सिरों पर 02 डक बनाये गये हैं तथा दोनो सिरों पर डेड सेक्शन बनाकर सुरक्षा प्रावधानो के साथ विद्युत लोको के उपरी उपकरणों की जांच करने के लिये अर्थ हील आइसोलेटर के साथ ओवरहैड विद्युतीकरण लाईन आइसोलेशन व्यवस्था भी प्रदान की गई है।

इसके अतिरिक्त ट्रिप शैड में निम्न सुविधायें उपलब्ध हैं:–

01. रखरखाव एंव आवश्यक मरम्मत के पश्चात् तैयार लोको के लिये अलग लाईन की व्यवस्था उपलब्ध है।
02. बिजली की बचत के लिये ट्रिप शैड की छत पर परपेक्स शीट का प्रावधान किया गया है।

विद्युत लोको ट्रिप शैड में संवर्ग की स्थिति निम्न प्रकार है:–

| क्र.सं. | पद | लेवल | स्वीकृत संवर्ग | कार्यरत | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वरि. अनुभाग अभियंता | लेवल–7 | 01 | 01 | – |
| 02 | कनि. अनुभाग अभियंता | लेवल–6 | 03 | 03 | – |
| 03 | तकनीशियन | लेवल–2 | 08 | 11 | +03 |
| 04 | सहायक | लेवल–1 | 08 | 02 | –06 |
| | कुल | | **20** | **17** | **–03** |

## विद्युत लोको ट्रिप शैड – उदयपुर (निर्माणाधीन)

मण्डल मे दूसरा विद्युत ट्रिप शैड उदयपुर सिटी मे निर्माणाधीन है। उदयपुर स्टेशन पर विद्युत ट्रिप शैड के संचालन हेतू संवर्ग की स्थिति निम्न प्रकार है :–

| क्र.सं. | पद | लेवल | स्वीकृत संवर्ग | कार्यरत | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वरि. अनुभाग अभियंता | लेवल–7 | 01 | 01 | – |
| 02 | कनि. अनुभाग अभियंता | लेवल–6 | 01 | 01 | – |
| 03 | एम.सी.एम. / तकनीशियन | लेवल–2 | 11 | 09 | –02 |
| 04 | सहायक | लेवल–1 | 03 | 01 | –02 |
| | कुल | | **16** | **12** | **–04** |